# मासिक अपराध प्रतिवेदन अप्रेल–2012

माह अप्रेल 2012 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2011 के माह अप्रेल की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता (भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

**(माह अप्रेल 2011, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2012)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रेल 2011 | मार्च 2012 | अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 |
| 1 | हत्या | 108 | 108 | 111 | 3 | 3 | 2.78 | 2.78 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 117 | 145 | 122 | 5 | -23 | 4.27 | -15.86 |
| 3 | डकैती | 4 | 2 | 0 | -4 | -2 | -100.00 | -100.00 |
| 4 | लूट | 79 | 50 | 67 | -12 | 17 | -15.19 | 34.00 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 283 | 243 | 319 | 36 | 76 | 12.72 | 31.28 |
| 6 | बलात्कार | 150 | 156 | 137 | -13 | -19 | -8.67 | -12.18 |
| 9 | बलवा | 65 | 70 | 44 | -21 | -26 | -32.31 | -37.14 |
| 7 | नकबजनी | 351 | 339 | 389 | 38 | 50 | 10.83 | 14.75 |
| 8 | चोरी | 1663 | 1621 | 2078 | 415 | 457 | 24.95 | 28.19 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 10324 | 11048 | 10689 | 365 | -359 | 3.54 | -3.25 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **13144** | **13782** | **13956** | **812** | **174** | **6.18** | **1.26** |

वर्ष 2012 में 2010 एवं 2011 की तुलना में माह अप्रेल में भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

**वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह अप्रेल)**

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अप्रेल ) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 429 | 411 | 424 | -5 | 13 | -1.17 | 3.16 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 473 | 497 | 470 | -3 | -27 | -0.63 | -5.43 |
| 3 | डकैती | 15 | 8 | 7 | -8 | -1 | -53.33 | -12.50 |
| 4 | लूट | 282 | 234 | 213 | -69 | -21 | -24.47 | -8.97 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 1030 | 1014 | 1075 | 45 | 61 | 4.37 | 6.02 |
| 6 | बलात्कार | 507 | 599 | 607 | 100 | 8 | 19.72 | 1.34 |
| 7 | बलवा | 367 | 269 | 200 | -167 | -69 | -45.50 | -25.65 |
| 8 | नकबजनी | 1646 | 1559 | 1563 | -83 | 4 | -5.04 | 0.26 |
| 9 | चोरी | 7589 | 7164 | 7128 | -461 | -36 | -6.07 | -0.50 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 40645 | 40663 | 43096 | 2451 | 2433 | 6.03 | 5.98 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **52983** | **52418** | **54783** | **1800** | **2365** | **3.40** | **4.51** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2012 में माह अप्रेल में भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2012 (माह अप्रेल )**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 424 | 38 | 19.49 | 1 | 39 | 156 | 99.36 | 229 | 54.01 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 470 | 21 | 8.94 | 4 | 25 | 210 | 98.13 | 235 | 50.00 |
| 3 | डकैती | 7 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 5 | 100.00 | 2 | 28.57 |
| 4 | लूट | 213 | 6 | 5.77 | 20 | 26 | 78 | 79.59 | 109 | 51.17 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 1075 | 422 | 68.28 | 16 | 438 | 180 | 91.84 | 457 | 42.51 |
| 6 | बलात्कार | 607 | 152 | 43.55 | 1 | 153 | 196 | 99.49 | 258 | 42.50 |
| 7 | बलवा | 200 | 25 | 15.06 | 2 | 27 | 139 | 98.58 | 34 | 17.00 |
| 8 | नकबजनी | 1563 | 43 | 4.01 | 681 | 724 | 348 | 33.82 | 491 | 31.41 |
| 9 | चोरी | 7128 | 302 | 5.49 | 4186 | 4488 | 1011 | 19.45 | 1629 | 22.85 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 43096 | 11077 | 33.31 | 1181 | 12258 | 20992 | 94.67 | 9846 | 22.85 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **54783** | **12086** | **29.13** | **6092** | **18178** | **23315** | **79.28** | **13290** | **24.26** |

- एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/अदमसबूत।

वर्ष 2011 एवं 2012 में (माह अप्रेल) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2011 | 2012 | 2011 | 2012 | 2011 | 2012 |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 100.00 | 100.00 | 83.23 | 82.93 |
| 2 | लूट | 11.11 | 5.77 | 73.33 | 79.59 | 60.39 | 83.72 |
| 3 | नकबजनी | 4.06 | 4.01 | 33.03 | 33.82 | 36.11 | 34.20 |
| 4 | चोरी | 5.97 | 5.49 | 21.80 | 19.45 | 57.04 | 53.46 |
| **5** | **योग भादसं.** | **27.23** | **29.13** | **79.25** | **79.28** | **54.98** | **54.23** |

भा.द.सं. के तहत माह अप्रेल 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2012 में माह अप्रेल में नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, मार्च 2011 एवं अप्रेल 2011 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह अप्रेल 2011, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रेल 2011 | मार्च 2012 | अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1095 | 1043 | 1153 | 58 | 110 | 5.30 | 10.55 |
| 2 | जुआ एक्ट | 981 | 1400 | 1149 | 168 | -251 | 17.13 | -17.93 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 414 | 474 | 408 | -6 | -66 | -1.45 | -13.92 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 131 | 108 | 88 | -43 | -20 | -32.82 | -18.52 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 41 | 40 | 38 | -3 | -2 | -7.32 | -5.00 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 25 | 27 | 17 | -8 | -10 | -32.00 | -37.04 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1897 | 3327 | 3272 | 1375 | -55 | 72.48 | -1.65 |
| **8** | **योग** | **4584** | **6419** | **6125** | **1541** | **-294** | **33.62** | **-4.58** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह अप्रेल)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अप्रेल ) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 3961 | 4973 | 4424 | 463 | -549 | 11.69 | -11.04 |
| 2 | जुआ एक्ट | 5173 | 4842 | 5770 | 597 | 928 | 11.54 | 19.17 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 1358 | 1682 | 1745 | 387 | 63 | 28.50 | 3.75 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 403 | 484 | 384 | -19 | -100 | -4.71 | -20.66 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 175 | 166 | 187 | 12 | 21 | 6.86 | 12.65 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 83 | 100 | 93 | 10 | -7 | 12.05 | -7.00 |
| 7 | अन्य एक्ट | 5610 | 7518 | 12566 | 6956 | 5048 | 123.99 | 67.15 |
| **8** | **योग** | **16763** | **19765** | **25169** | **8406** | **5404** | **50.15** | **27.34** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत अप्रेल 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2012 (माह अप्रेल)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 4424 | 1 | 0.02 | 11 | 12 | 4093 | 99.73 | 319 | 7.21 |
| 2 | जुआ एक्ट | 5770 | 1 | 0.02 | 0 | 1 | 5745 | 100.00 | 24 | 0.42 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 1745 | 1 | 0.06 | 2 | 3 | 1612 | 99.88 | 130 | 7.45 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 384 | 0 | 0.00 | 5 | 5 | 225 | 97.83 | 154 | 40.10 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 187 | 2 | 1.16 | 1 | 3 | 169 | 99.41 | 15 | 8.02 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 93 | 3 | 7.14 | 1 | 4 | 38 | 97.44 | 51 | 54.84 |
| 7 | अन्य एक्ट | 12566 | 4717 | 43.15 | 759 | 5476 | 5455 | 87.79 | 1635 | 13.01 |
| **8** | **योग एक्ट** | **25169** | **4725** | **20.69** | **779** | **5504** | **17337** | **95.70** | **2328** | **9.25** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह अप्रेल 2011, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रेल 2011 | मार्च 2012 | अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 47 | 35 | 43 | -4 | 8 | -8.51 | 22.86 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 23 | 8 | 11 | -12 | 3 | -52.17 | 37.50 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 859 | 955 | 1121 | 262 | 166 | 30.50 | 17.38 |
| 4 | बलात्कार | 150 | 156 | 137 | -13 | -19 | -8.67 | -12.18 |
| 5 | छेड़छाड़ | 230 | 201 | 209 | -21 | 8 | -9.13 | 3.98 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 253 | 204 | 264 | 11 | 60 | 4.35 | 29.41 |
| 7 | अन्य | 83 | 100 | 63 | -20 | -37 | -24.10 | -37.00 |
| **8** | **कुल योग** | **1645** | **1659** | **1848** | **203** | **189** | **12.34** | **11.39** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह अप्रेल )

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अप्रेल ) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 137 | 149 | 137 | 0 | -12 | 0.00 | -8.05 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 61 | 63 | 38 | -23 | -25 | -37.70 | -39.68 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 3241 | 3415 | 4267 | 1026 | 852 | 31.66 | 24.95 |
| 4 | बलात्कार | 507 | 599 | 607 | 100 | 8 | 19.72 | 1.34 |
| 5 | छेड़छाड़ | 797 | 816 | 752 | -45 | -64 | -5.65 | -7.84 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 865 | 881 | 895 | 30 | 14 | 3.47 | 1.59 |
| 7 | अन्य | 248 | 281 | 309 | 61 | 28 | 24.60 | 9.96 |
| **8** | **कुल योग** | **5856** | **6204** | **7005** | **1149** | **801** | **19.62** | **12.91** |

- महिला अत्याचार के तहत अप्रेल 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2012 माह अप्रेल )

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 137 | 14 | 23.33 | 0 | 14 | 46 | 100.00 | 77 | 56.20 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 38 | 5 | 0.00 | 0 | 5 | 18 | 100.00 | 15 | 39.47 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 4267 | 1593 | 51.54 | 1 | 1594 | 1497 | 99.93 | 1176 | 27.56 |
| 4 | बलात्कार | 607 | 152 | 43.55 | 1 | 153 | 196 | 99.49 | 258 | 42.50 |
| 5 | छेड़छाड़ | 752 | 168 | 25.26 | 0 | 168 | 497 | 100.00 | 87 | 11.57 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 895 | 373 | 72.15 | 12 | 385 | 132 | 91.67 | 378 | 42.23 |
| 7 | अन्य अभियोग | 309 | 57 | 27.40 | 6 | 63 | 145 | 96.03 | 101 | 32.69 |
| **8** | **कुल योग** | **7005** | **2362** | **48.08** | **20** | **2382** | **2531** | **99.22** | **2092** | **29.86** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2011 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह अप्रेल 2011, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रेल 2011 | मार्च 2012 | अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 |
| 1 | हत्या | 4 | 2 | 2 | -2 | 0 | -50.00 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 4 | 6 | 3 | 2 | 100.00 | 50.00 |
| 3 | बलात्कार | 16 | 16 | 12 | -4 | -4 | -25.00 | -25.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 2 | 3 | 2 | 1 | 200.00 | 50.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 353 | 381 | 386 | 33 | 5 | 9.35 | 1.31 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 8 | 7 | 7 | -1 | 0 | -12.50 | 0.00 |
| **8** | **कुल योग** | **385** | **412** | **416** | **31** | **4** | **8.05** | **0.97** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह अप्रेल )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह अप्रेल ) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 13 | 18 | 13 | 0 | -5 | 0.00 | -27.78 |
| 2 | गम्भीर चोट | 19 | 24 | 19 | 0 | -5 | 0.00 | -20.83 |
| 3 | बलात्कार | 64 | 64 | 56 | -8 | -8 | -12.50 | -12.50 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 13 | 8 | 9 | -4 | 1 | -30.77 | 12.50 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1378 | 1446 | 1571 | 193 | 125 | 14.01 | 8.64 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 31 | 34 | 34 | 3 | 0 | 9.68 | 0.00 |
| **8** | **कुल योग** | **1518** | **1594** | **1702** | **184** | **108** | **12.12** | **6.78** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह अप्रेल 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2012 (माह अप्रेल)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 13 | 2 | 33.33 | 0 | 2 | 4 | 100.00 | 7 | 53.85 |
| 2 | गम्भीर चोट | 19 | 1 | 10.00 | 0 | 1 | 9 | 100.00 | 9 | 47.37 |
| 3 | बलात्कार | 56 | 10 | 32.26 | 0 | 10 | 21 | 100.00 | 25 | 44.64 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 9 | 2 | 66.67 | 0 | 2 | 1 | 0.00 | 6 | 66.67 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1571 | 677 | 69.22 | 1 | 678 | 300 | 99.67 | 593 | 37.75 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 34 | 18 | 85.71 | 0 | 18 | 3 | 100.00 | 13 | 38.24 |
| **8** | **कुल योग** | **1702** | **710** | **67.68** | **1** | **711** | **338** | **99.71** | **653** | **38.37** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, मार्च 2012 एवं माह अप्रेल 2011 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह अप्रेल 2011, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रेल 2011 | मार्च 2012 | अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 | अप्रेल 2011 से अप्रेल 2012 | मार्च 2012 से अप्रेल 2012 |
| 1 | हत्या | 2 | 1 | 0 | -2 | -1 | -100.00 | -100.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 4 | 4 | 6 | 2 | 2 | 50.00 | 50.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 2 | 0 | 0 | -2 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 77 | 84 | 103 | 26 | 19 | 33.77 | 22.62 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 3 | 2 | 4 | 1 | 2 | 33.33 | 200.00 |
| **8** | **कुल योग** | **90** | **93** | **115** | **25** | **22** | **27.78** | **23.66** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह अप्रेल )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह अप्रेल ) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 8 | 4 | 3 | -5 | -1 | -62.50 | -25.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 12 | 5 | 5 | -7 | 0 | -58.33 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 10 | 14 | 20 | 10 | 6 | 100.00 | 42.86 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 7 | 1 | 0 | -6 | 0.00 | -85.71 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 362 | 365 | 397 | 35 | 32 | 9.67 | 8.77 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 50.00 | 12.50 |
| **8** | **कुल योग** | **399** | **403** | **435** | **36** | **32** | **9.02** | **7.94** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2012 (माह अप्रेल)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 3 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 100.00 | 1 | 33.33 |
| 2 | गम्भीर चोट | 5 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 3 | 100.00 | 2 | 40.00 |
| 3 | बलात्कार | 20 | 1 | 12.50 | 0 | 1 | 7 | 100.00 | 12 | 60.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 1 | 100.00 | 0 | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 397 | 165 | 67.62 | 0 | 165 | 79 | 100.00 | 153 | 38.54 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 9 | 5 | 100.00 | 0 | 5 | 0 | 0.00 | 4 | 44.44 |
| **8** | **कुल योग** | **435** | **172** | **65.40** | **0** | **172** | **91** | **100.00** | **172** | **39.54** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह अप्रेल 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, मार्च 2012 एवं अप्रेल 2011 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रेल 2011 | मार्च 2012 | अप्रेल 2012 | वर्ष 2011 | वर्ष 2012 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 9860 | 11054 | 10504 | 39116 | 39647 | 97108 | 82000 | 2 | 3 | 15103 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 1793 | 1094 | 826 | 8082 | 4744 | 5827 | 5356 | 0 | 0 | 471 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 902 | 1753 | 1154 | 7149 | 5795 | 5795 | 4991 | 0 | 2 | 802 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 59 | 46 | 40 | 204 | 160 | 282 | 172 | 0 | 0 | 110 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 80 | 32 | 59 | 262 | 144 | 265 | 110 | 0 | 0 | 155 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 47 | 35 | 27 | 182 | 124 | 587 | 343 | 0 | 0 | 244 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 8 | 2 | 2 | 18 | 9 | 9 | 2 | 0 | 0 | 7 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 4722 | 6266 | 5041 | 22329 | 20390 | 21029 | 19569 | 0 | 0 | 1460 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2011 एवं 2012 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः—

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2011 | 224 | 151 | 73 |
| 2012 (अप्रेल तक) | 99 | 26 | 73 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | **वर्ष** | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2011 | 23245 | 9232 | 28666 |
| 2 | 2012 ( अप्रेल तक) | 7913 | 3180 | 9462 |

माह अप्रेल 2012 में कुल 1978 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1972 एवं अप्रेल 2011 में 1986 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा वृद्धि एवं अप्रेल 2011 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2012 माह अप्रेल तक कुल 7913 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 7918 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 5 (-0.06 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन में तालिका **'ड'** पर है।

वर्ष 2012 में अब तक 691भगौड़े 195 घोषित अपराधी तथा 5382 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2012 में अब तक 715 भगौड़े, 195 घोषित अपराधी एवं 5678 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

## उपलब्धियाँ माह अप्रेल– 2012

**दस्यु उन्मूलनः–**

- दिनांक 13.04.2012 को जिला करौली थाना करणपुर पुलिस ने करणपुर डॉग क्षेत्र में ए.डी.एफ. पार्टी के साथ डकैतों ने मुठभेड की जिसमें दो डकैत घायल हो गये एवं तीन डकैत भागने में सफल रहे, घायल डकैतों में से एक डकैत की दौराने ईलाज मृत्यु हो गई। मुठभेड के पश्चात डकैतों के पास से भारी मात्रा में हथियार मिले। एक डकैत के पास एक पचफेरा मय विन्डोलिया जिसमें 52 जिन्दा कारतूस तथा एक 306 इण्डियन राईफल जिसमें 14 खाली कारतूस, दूसरे डकैत के पास से एक पचफेरा मय विन्डोलिया में 17 जिन्दा कारतूस व 8 खाली कारतूस मिले। इसके अलावा घटना स्थल पर डकैतों के द्वारा छोड़कर भागे जाने पर एक 303 बोर राईफल मय 36 जिन्दा कारतूस व 6 खाली खोखे, एक पचफेरा मय विन्डोलिया जिसमें 82 जिन्दा कारतूस व 13 खाली खोखे तथा कुछ ही दूरी पर एक टोपीदार बन्दूक, बारूद व कुछ टोपियां बरामद की। अभियोग का अनुसंधान जारी है।

**डकैतीः–**

- दिनांक 09 व 15.04.2012 को जिला भरतपुर थाना नगर व कामां पुलिस नें सूत्र सूचना पर डकैती की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से एक जायलो कार, एक लालबत्ती लगी बोलेरो कार, 4 कट्टे 315 बोर मय 6 कारतूस एवं एक कट्टा 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया एवं 6 अभियुक्त रात्रि में अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये।
- दिनांक 12.04.2012 को जिला धौलपुर थाना राजाखेड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर जंगल उटंगन नदी से डकैती की योजना बनाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर मय एक कारतूस, दो लोहे के सरिये, एक लाठी व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। शेष दो अभियुक्त जंगल में भागने में सफल हो गये।
- दिनांक 24.04.2012 को जिला धौलपुर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर शान्दरा की पुलिया के पास डकैती की योजना बनाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से दो देशी कट्टे 315 बोर मय कारतूस, एक रस्सा, एक लाठी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा दो बदमाश जंगल में भागने में सफल हो गये।

**लूटः–**

- दिनांक 02 व 03.04.2012 को जिला उदयपुर थाना डबोक व उदयपुर पुलिस ने उदयपुर शहर में बढती हुई लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने व वारदातों का खुलासा करने के लिए विशेष दल गठित किये। दौराने अनुसंधान 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में लूटा गया मालमसरूका बरामद किया।
- दिनांक 12.04.2012 को जिला भरतपुर थाना गढीबाजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर जंगल बैधपुरा से लूटे गये वाहनों के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से लूटी गई एक कार व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.04.2012 को जिला अलवर थाना तिजारा पुलिस ने दिनांक 09.04.2012 को टाटा 407 वाहन में सब्जी बेच कर वापिस आ रहे परिवादी को टाटा सूमो गाड़ी को उनकी गाड़ी के आगे लगाकर 7–8 व्यक्तियों ने गाड़ी से उतार कर लूटा व गाड़ी ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान लूटी गई गाडी टाटा 407 व लूट की वारदात में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया। अभियुक्तों की तलाश जारी है।
- दिनांक 22.04.2012 को जिला दौसा थाना कोतवाली पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो महिलाओं सहित 4 अभियुक्तों के कब्जे से लूटी गई राशि 83,900/–रूपये के अतिरिक्त 50 हजार रूपये नकद एवं 2.500 किलोग्राम चॉदी व कई मास्टर चॉबियां बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.04.2012 को जिला उदयपुर थाना भुपालपुरा पुलिस ने शहर में चैन स्नैचिंग की बढती वारदातों को देखते हुए सादा वर्दी में टीम गठित कर विशेष निगरानी हेतु नियुक्त किया। दौराने निगरानी एक बिना नम्बरी काले रंग की सीबीजेड मोटरसाईकिल संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए पाये जाने पर चारों तरफ

नाकाबन्दी कर निगरानी करवाई थाना सुरजपोल के पास मोटरसाईकिल को रोककर पूछताछ में अभियुक्त ने 5–6 चैन तोड़ने की घटना में लिप्त बताया। अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**हत्याः–**

- दिनांक 08.04.2012 को जिला अलवर थाना खेड़ली पुलिस ने दिनांक 12.09.11 को अज्ञात बदमाशान द्वारा ड्राईवर की हत्या कर ट्रेक्टर व ट्रोली मय बजरी लूट कर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। शेष दो अपराधियों की तलाश जारी है।
- दिनांक 10.04.2012 को जिला दौसा थाना मानपुर पुलिस ने दिनांक 17.10.11 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.04.2012 को जिला नागौर थाना मूण्डवा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान कॉल डिटेल व गुप्त सूचनाओं के आधार पर एक महिला सहित 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से एक मोटरसाईकिल व 40 हजार रूपये का मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफातार किया।
- दिनांक 18, 24 व 28.04.2012 को जिला झालावाड़ थाना भालता, मिश्रोली व सारोला पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या किये जाने के दर्ज तीन अभियोगों में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया व एक अभियोग में हत्या के पश्चात चुराई गई चॉदी की कडियां बरामद की गई।
- दिनांक 20.04.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना हरमाड़ा पुलिस ने ट्रक चालक की हत्या के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.04.2012 को जिला बीकानेर थाना गंगाशहर पुलिस ने मृतका की हत्या कर जेवरात लूट कर ले जाने के दर्ज अभियोग में पुलिस त्वरित कार्यवाही कर घटना के दिन ही 3 अभियुक्तों को नामजद कर लूटा गया माल मसरूका व जेवरात किमतन 4 लाख रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः–**

- दिनांक 03 व 22.04.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना मुरलीपुरा व झोटवाड़ा पुलिस ने दिनांक 31.03.2012 व 15.04.2012 को नकबजनी के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये दो मोबाईल सैट व सोने–चॉदी के आभूषण व नकदी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.04.2012 को जिला झुन्झुनू थाना बुहाना पुलिस ने माह दिसम्बर 2011 में प्रोपर्टी व्यवसायी के घर हुई नकबजनी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से 1.30 लाख रूपये नकद व प्रोपर्टी व्यवसायी का परिचय पत्र बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गहनता से पूछताछ पर अपने दो अन्य साथियों के साथ कई नकबजनी में शामिल होना स्वीकार किया। साथियों की तलाश जारी है।

**जालीनोटः–**

- दिनांक 07.04.2012 को जिला करौली थाना कोतवाली पुलिस ने कस्बा महावीरजी में सूत्र सूचना पर दो महिलाओं सहित 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक लाख 4 हजार रूपये जालीनोट (1000–1000 के 44 नोट, 500–500 के 120 नोट) बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.04.2012 को जिला दौसा थाना महुवा पुलिस ने 2 वांछित अभियुक्तों के कब्जे से 2000 रूपये के नकली नोट (1000 रूपये के 2 नोट ) व एक ट्वेरा गाड़ी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः–**

- दिनांक 05.04.2012 को जिला उदयपुर थाना झावर माईन्स पुलिस ने धोखाधड़ी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान पिता–पुत्र दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दौराने पूछताछ उन्होनें बताया की वे दोनों उदयपुर से साबुन व सर्फ खरीदकर गांव–गांव फेरी लगाकर बेचते है तथा अपने–आप को काग्रेस के कार्यकर्ता बताकर, राजनेताओं से जान–पहचान बताकर, काग्रेस पार्टी के फर्जी लेटर पेड, फर्जी पम्पलेट एवं कार्ड

बनाकर उनका दुरूपयोग कर लोगों को नौकरी दिलाने का झासा देकर अब तक लाखों रूपये की कई व्यक्तियों से ठगी की है।

- दिनांक 05.04.2012 को जिला उदयपुर थाना हाथीपोल पुलिस ने दिनांक 21.03.2012 को 5.30 लाख रूपयों से भरा बैंग एक मोटरसाईकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक्सीडेन्ट का बहाना कर कार से बैग पार किये जाने के दर्ज अभियोग मे दौराने अनुसंधान व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 7 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। जिन्होनें उक्त घटना के अलावा इस प्रकार की कई ओर घटनाएं करना स्वीकार किया।
- दिनांक 18.04.2012 को जिला अलवर थाना भिवाड़ी पुलिस ने फरवरी 2012 में औद्यौगिक क्षेत्र टपूकड़ा विस्तार की 385.90 हैक्टेयर भूमि को आवाप्त कर इनकी मुआवजे की राशि के तीन चैक कुल 57.72 लाख रूपये के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लिए जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर दो अभियुक्तों के कब्जे से 10 लाख रूपये की खरीदी गई नई स्कारपियों गाड़ी व 1.21 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**ईनामी अभियुक्तः—**

- दिनांक 28.04.2012 को जिला बाड़मेर थाना सदर पुलिस ने दिनांक 23.08.2011 को आबकारी दल द्वारा शराब से भरा ट्रक छुड़ाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस पर पुलिस अधीक्षक जिला बाड़मेर द्वारा 2000/—रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः—**

- दिनांक 01.04.2012 को जिला सिरोही थाना पालड़ी पुलिस ने ट्रको के टायरों की चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गये 5 टायर मय व्हील कीमतन 1,50,000/—रूपये के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.04.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुरसिटी पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 35 मोबाईल, व उनके चार्जर, कानो की लीड़ व एक लेपटाप कम्प्यूटर एवं 45,953/— नगद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 04 व 26.04.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशालीनगर व विश्वकर्मा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 4,53,000/—रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.04.2012 को जिला टोंक थाना देवली पुलिस ने एक दुकान का ताला तोड़कर दराज से रूपये चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे चोरी गया माल मसरूका 1,00,300/—रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 09, 14, 17 व 21.04.2012 को जिला जीआरपी अजमेर थाना बॉदीकुई व जयपुर पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चुराया गया मालमसरूका कीमतन 60,800/—रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.04.2012 को जिला टोक थाना दूनी पुलिस ने दिनांक 28.03.2012 को एक व्यक्ति अपने खेत में सोते हुए के कान से सोने की मुर्की तोडकर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सोने की मुर्की बरामद की।
- दिनांक 08.04.2012 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना रतनगढ पुलिस ने रेल्वे स्टेशन चूरू के मुसाफिर खाना में जेब तरासी कर भागते हुए को गिरफ्तार कर मालमसरूका कीमतन 11415/—रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 15.04.2012 को जिला टोंक थाना बरोनी पुलिस ने दिनांक 23.01.2012 को चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से माल मसरूका कीमतन 20,000/—रूपये का बरामद किया।

- दिनांक 25.04.2012 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना हनुमानगढ पुलिस ने रेल्वे स्टेशन हनुमानगढ पर जेब तराशी कर मोबाईल चुरा ले जाने पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाईल कीमतन 4700 रूपये का बरामद किया।
- दिनांक 25.04.2012 को जिला प्रतापगढ थाना धरियावद पुलिस ने नीलकण्ड महादेव मन्दिर में चोरी के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया मालमसरूका बरामद किया।

**मूर्ति चोरीः—**

- दिनांक 03.04.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना मलारना डूंगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से चुराई गई श्रीराधाकृष्णजी की मूर्ति व अन्य सामान बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरीः—**

- दिनांक 01.04.2012 को जिला करौली थाना सदर पुलिस ने वाहन चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से दो कट्टे देशी 315 बोर व लूटी गई थ्रेशर मशीन बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह अभियुक्त हत्या, लूट व वाहन चोरी के कई अभियोगों में लिप्त है।
- दिनांक 01, 10, 14 व 20.04.2012 को जिला भरतपुर थाना कामां, जुरहरा, बयाना, सीकरी व चिकसाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये वाहन एक ट्रक, एक ट्रेक्टर, एक बोलेरो व दो मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 08 व 28.04.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशालीनगर व सदर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक कार व 3 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 08 20 व 24.04.2012 को जिला दौसा थाना लालसोट व बॉदीकुई पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 4 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 07, 23 व 25.04.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुर सिटी पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 4 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 30.04.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहरनगर व बजाजनगर पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक टाटा सफारी कार व दो मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.04.2012 को जिला जालोर थाना भीनमाल पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जीप चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर उसके कब्जे से चोरी गया वाहन बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.04.2012 को जिला पाली थाना रायपुर पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पीकअप गाड़ी कीमतन 5 लाख रूपये की बरामद की।
- दिनांक 21.04.2012 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली पुलिस ने 1 अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.04.2012 को जिला प्रतापगढ थाना प्रतापगढ पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाईकिल चोरी के दर्ज अभियोग में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद की।
- दिनांक 22 व 25.04.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना गलतागेट व विद्याधर नगर पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया एक ट्रक व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः—**

- दिनांक 02 च 27.04.2012 को जिला झुन्झुनू थाना गुढा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त दो वाहनों में अवैघ रूप से परिवहन की जा रही 72 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02 व 09.04.2012 को जिला जालोर थाना सांचोर व भीनमाल पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2232 बोतल व 4430 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 03.04.2012 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ जंक्शन पुलिस ने दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से 1200 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 11.04.2012 को जिला चूरू थाना सिद्धमुख, रतनगढ व सदर पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से रखी गई 188 बोतल अंग्रेजी शराब 60 बोतल बीयर व 138 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09, 11, 12, 22 व 24.04.2012 को जिला गंगानगर थाना सदर, पुरानी आबादी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 399 बोतल अंग्रेजी शराब व 866 पव्वे देशी शराब के बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10, 13 व 22.04.2012 को जिला चूरू थाना राजगढ़, रतनगढ व सिद्धमुख पुलिस ने दौराने गश्त तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 124 कार्टून व 300 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10, 12 व 17.04.2012 को जिला सीकर थाना नेछवा व श्रीमाधोपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर गश्त व दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 5 अभियुक्तों के कब्जे से 40 कार्टून अंग्रजी शराब, 44 कार्टून देशी हरियाणा निर्मित, 192 पव्वे अंग्रेजी शराब व 132 बीयर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.04.2012 को जिला राजसमन्द थाना देवगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक मकान में दबिश देकर कमरे में रखी दो प्लास्टिक के कट्टों में हरियाणा निर्मित 14 बोतले अंग्रेजी शराब की मिली। अभियुक्त से पूछताछ में उसने बताया की मै व अन्य तीन साथियों ने एक ट्रक में गुडगांव से हरियाणा निर्मित शराब व बीयर लेकर आये जो हेमपुरा के जंगल में खड्डा खुदवाकर छुपा रखी है। उक्त सूचना पर अभियुक्त के बताये स्थान पर खुदाई कर तलाशी लेने पर जमीन के नीचे कुल 600 कार्टून अंग्रेजी शराब व 225 कार्टून बीयर बरामद की।
- दिनांक 19.04.2012 को जिला बाड़मेर थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक होटल से 9 कार्टूनों में 432 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.04.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना कानोता पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1022 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

  राज्य में माह अप्रेल 2012 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 1153 प्रकरण दर्ज कर 1167 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 91251 बोतल अंग्रेजी शराब 11480 बोतल देशी शराब 6472 बोतल कच्ची शराब एवं 23384 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह अप्रेल तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 4424 प्रकरण दर्ज कर, 4463 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 384914 बोतल अंग्रेजी शराब, 36760 बोतल देशी शराब, 22592 बोतल कच्ची शराब एवं 85524 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः—**

- दिनांक 01 व 08.04.2012 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली व भवानीमण्डी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी अवैध रूप से परिवहन की जा रही 6.400 किलोग्राम अफीम व 370 ग्राम स्मैक बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.04.2012 को जिला सीकर थाना नेछवा पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 3.350 किलोग्राम अफीम बरामद कर एक महिला सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05 व 19.04.2012 को जिला बाड़मेर थाना पचपदरा व सिवाना पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा एक किलोग्राम अफीम का दूध व 1670 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया व एक अभियुक्त के कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल मय दो कारतूस बरामद किये।

- दिनांक 08.04.2012 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ जंक्शन पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 3.100 किलोग्राम अफीम बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 19.04.2012 को जिला जालोर थाना चितलवाना, सांचोर व झाब पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 527.050 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15 व 23.04.2012 को जिला धौलपुर थाना सैपऊ व कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त व चैकिंग 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 7.500 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.04.2012 को जिला जीआरपी अजमेर थाना अजमेर पुलिस ने प्लेट फार्म नम्बर 1 वीआईपी गेट के पास से एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 85 ग्राम चरस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.04.2012 को जिला चूरू थाना सुजानगढ पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 4 क्विंटल डोडा पोस्त चूरा बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.04.2012 को जिला नागौर थाना नागौर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 77 बोरे जिनमें 29 क्विंटल 70 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.04.2012 को जिला सिरोही थाना पिण्डवाड़ा पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 4 किलोग्राम अफीम का दूध व एक बोलेरो बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।`
- दिनांक 29.04.2012 को जिला बांसवाड़ा थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से ले जाई जा रही 490 ग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अप्रेल 2012 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 88 प्रकरण दर्ज कर, 98 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.506 कि.ग्राम स्मैक, 0.005 कि.ग्रा. ब्राउनशुगर, 0.135 किग्रा. चरस, 48.362 कि.ग्रा. अफीम, 15.003 कि0ग्रा0 गांजा व 8156.840 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह अप्रेल तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 384 प्रकरण दर्ज कर 455 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 2.405 कि.ग्रा0 स्मैक, 0.105 कि.ग्रा. ब्राउनशुगर, 6.017 कि.ग्राम हेरोईन, 1.460 कि.ग्रा0 चरस, 213.626 कि0ग्रा0 अफीम, 81.674 कि0ग्रा0 गांजा व 33326.517 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**अवैध हथियार :–**

- दिनांक 02, 07 व 09.04.2012 को जिला सीकर थाना थोई, कोतवाली सीकर व कोतवाली फतेहपुर पुलिस ने दौराने गश्त 3 अभियुक्तों के कब्जे से बिना लाईसेन्सी एक बन्दूक, एक देशी कट्टा व एक पिस्टल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.04.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहर सर्किल पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.04.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध एक देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 08 व 25.04.2012 को जिला करौली थाना हिण्डौनसिटी, बालघाट व महावीरजी पुलिस ने सूत्र सूचना पर 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 3 कट्टे 315 बोर मय 5 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दिनांक 08 व 21.04.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना मुरलीपुरा व कालवाड़ पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध एक देशी कट्टा एवं एक टोपीदार बन्दूक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
-

- दिनांक 08 व 20.04.2012 को जिला बारां थाना छीपाबडोद व हरनावदाशाहजी पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से 2 ग्राम स्मैक, 5 ग्राम गांजा व 4.500 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 19.04.2012 को जिला चूरू थाना सालासर व चूरू पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध एक देशी रिवाल्वर व एक टोपीदार बन्दूक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13, 14, 20 व 22.04.2012 को जिला गंगानगर थाना विजयनगर, रायसिंहनगर, घमूड़वाली व घड़साना पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से बिना लाईसेन्सी एक बन्दूक 450 बोर, एक पिस्तौल 7.65 बोर, एक पिस्तौल 32 बोर, एक रिवाल्वर 38 बोर व एक देशी कट्टा व 22 जिन्दा कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14 व 19.04.2012 को जिला बारां थाना बापचा व छबड़ा पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी बन्दूक टोपीदार व एक देशी पिस्टल मय 5 जिन्दा कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.04.2012 को जिला सवाई माधोपुर थाना वजीरपुर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध दो देशी टोपीदार बन्दूक, बारूद व छर्रे बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अप्रेल 2012 में आर्म्स एक्ट के तहत 408 प्रकरण दर्ज कर 418 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 16 बन्दूकें, 50 रिवाल्वर/कट्टे, 114 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह अप्रेल तक आर्म्स एक्ट के तहत 1745 प्रकरण दर्ज कर 1771 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 84 बन्दूकें, 238 रिवाल्वर/कट्टे, 366 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**अवैध विस्फोटक :–**

- दिनांक 07.04.2012 को जिला बांसवाड़ा थाना लोहारिया पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से एक ट्रेक्टर में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 16 जिलेटिन व 16 फ्यूज वायर मय केप के बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अप्रेल 2012 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 38 प्रकरण दर्ज कर 36 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 213 जिलेटिन, 240 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह अप्रेल तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 187 प्रकरण दर्ज कर 192 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 9331 जिलेटिन, 4186 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**जुआ/सट्टाः–**

- दिनांक 01.04.2012 को जिला पाली थाना पाली पुलिस ने 1 अभियुक्त के कब्जे से 1,11,500/–रूपये जुआ राशि व टीवी बरामद कर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 08, 09, 11, 13, 14, 17 व 18.04.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना गलतागेट, ब्रह्मपुरी, माणक चौक, कोतवाली व जालुपुरा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 32 अभियुक्तों के कब्जे से 85,015/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.04.2012 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ जक्शन पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 14,750/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 10, 11, 12, 17, 18 व 24.04.2012 को जिला चूरू थाना सुजानगढ, कोतवाली व सरदारशहर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाईवाली करते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 4,135/–रूपये की सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 11, 14 व 19.04.2012 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करधनी, चौमू, झोटवाड़ा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 6180/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.04.2012 को जिला झालावाड़ थाना झालरापाटन पुलिस ने कस्बा झालरापाटन में एक मकान में सट्टे की खाईवाली करते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से 86,290/–रूपये की सट्टा राशि, 10 मोबाईल, 4 केलकूलेटर, 1 कलर टीवी, एक डीटूएस, दो रिमोट, 89 सट्टे की डायरिया बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14 व 15.04.2012 को जिला बाड़मेर थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से दो टीवी, 3 मोबाईल फोन व 19 लाख रूपये की सट्टा पर्चियां बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.04.2012 को जिला सीकर थाना कोतवाली सीकर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक होटल पर दबिश देकर 3 अभियुक्तों के कब्जे से 33,210/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.04.2012 को जिला सिरोही थाना आबूरोड़ शहर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए अभियुक्तों के कब्जे से 27,000/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.04.2012 को जिला बांसवाड़ा थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रिहायशी मकान में जुआ खेलते हुए 24 अभियुक्तों के कब्जे से 53,110/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26 व 28.04.2012 को जिला जयपुर पूर्व थाना गांधीनगर, जवाहर सर्किल व मालवीयनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 11 अभियुक्तों के कब्जे से 12,840/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह अप्रेल 2012 में जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशालीनगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर क्रिकेट मैच पर हार–जीत का सट्टा खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 69,975/–रूपये की सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह अप्रेल 2012 में जिला जयपुर पश्चिम थाना बगरू पुलिस ने सूत्र सूचना सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 4 प्रकरणों में 17 अभियुक्तों के कब्जे से 31,600/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अप्रेल 2012 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1149 प्रकरण दर्ज कर, 1980 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 13 लाख 99 हजार 720 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 में माह अप्रेल तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 5770 प्रकरण दर्ज कर 10781 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 84 लाख 21 हजार 538 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।